चंडीगढ़ टाइमस 11/8/2026

# Tribute to protectors of nation



Students performing during the Har Ghar Tiranga event at SD College, Sector 32, Chandigarh on Monday. KESHAV SINGH

आज समाज 11/8/2026

## वंदे मातरम हर घर तिरंगा के 150 वर्ष अभियान का भव्य आगाज

# तिरंगा सिर्फ एक सप्ताह का नहीं, पूरे साल का गौरव: एच. राजेश प्रसाद

आज समाज नेटवर्क





**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सैक्टर-32 स्थित एस डी कॉलेज, चंडीगढ़ में ह्रहर घर तिरंगा - वंदे मातरम् के 150 वर्षह्र अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन यू.टी. चंडीगढ़ प्रशासन के संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और व्यापक जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर एच. राजेश प्रसाद, मुख्य सचिव, यू.टी. प्रशासन मुख्य अतिथि थे पर्यटन एवं संस्कृति सचिव डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह, ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इसके बाद द्वारा देशभक्ति एवं तिरंगा थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं विशेष रूप से सक्षम कलाकारों एवं पेशेवर व्हीलचेयर शास्त्रीय नर्तकों का संगठन है ने अमेरिका, कनाडा, यूके, रूस, सिंगापुर, दुबई, कुवैत, इटली और यूएई सहित 15 से अधिक देशों में प्रस्तुतियां दी हैं तथा और जैसे मंचों पर भी अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। संगठन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य सचिव के नेतृत्व में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा मार्च भी निकाला गया अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि सिटी ब्यूटीफुल के निवासी हमेशा हर क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ह्रहर घर तिरंगाह्र अभियान में भी चंडीगढ़ उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने नागरिकों, विभागों और संगठनों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियान की भावना केवल एक सप्ताह तक सीमित न रहे बल्कि तिरंगा पूरे वर्ष राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बना रहे।

मुख्य सचिव ने 9 से 17 अगस्त तक आयोजित की जा रही जनभागीदारी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें तिरंगा रैलियां, वॉकाथॉन, बाइक/कार रैली, सेल्फी बूथ, रंगोली एवं तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं, तिरंगा मेला, क्विज, पत्र लेखन, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनियां शामिल हैं। सरकारी एवं पर्यटन स्थलों को भी रोशन एवं सजाया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों और युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया है तथा उनके लिए विभिन्न थीम आधारित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य सचिव ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाए जाने की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर विभाजन पर आधारित प्रदर्शनियां, स्कूली विद्यार्थियों के लिए भ्रमण, लघु फिल्मों का प्रदर्शन, नाटक, विभाजन से प्रभावित परिवारों द्वारा अनुभव साझा करना, मौन मार्च और अभिलेखीय सामग्री का प्रदर्शन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को विभाजन की मानवीय त्रासदी से अवगत कराने और प्रभावित लोगों की स्मृतियों को संरक्षित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर राधिका सिंह, निदेशक पर्यटन; श्री नवीन रड्ड, निदेशक संस्कृति; श्री राजीव तेवारी, निदेशक जनसंपर्क; डॉ. अजय शर्मा, प्राचार्य, ऋ्रक्षअऊ कॉलेज; श्री जतिंदर भाटिया, वित्त सचिव, ऋ्रक्षऊकॉलेज सोसायटी तथा चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ਅਜੀਤ 11/8/2026



ਐਸ. ਡੀ. ਕਾਲਜ ਵਿਖੇ ਹਰ ਘਰ ਤਿੰਰਗਾਂ ਮੁਹਿੰਮ ਦੀ ਸ਼ੁਰੂਆਤ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਨਾਲ ਐਚ. ਰਾਜੇਸ਼ ਪ੍ਰਸਾਦ ਆਈ. ਏ. ਐਸ ਤੇ ਹੋਰ। - ਤਸਵੀਰ : ਗੁਰਿੰਦਰ ਸਿੰਘ

# ਐਸ. ਡੀ. ਕਾਲਜ ਵਿਖੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਕਰਵਾਇਆ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ,10 ਅਗਸਤ (ਮਾਰਕੰਡਾ)- ਐਸ. ਡੀ. ਕਾਲਜ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਖੇ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਵਲੋਂ ਇਕ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਕਰਵਾਇਆ ਗਿਆ, ਜਿਸ ਵਿਚ ਵੰਦੇ ਮਾਤਰਮ ਦੇ 150 ਸਾਲ ਪੂਰੇ ਹੋਣ ਤੇ ਹਰ ਘਰ ਤਿੰਰਗਾਂ ਮੁਹਿੰਮ ਚਲਾਈ ਗਈ। ਇਹ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਸੱਭਿਆਚਾਰ ਵਿਭਾਗ ਅਤੇ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ ਵਿਭਾਗ ਕੇਂਦਰੀ ਸਾਸ਼ਤ ਪ੍ਰਦੇਸ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਦੁਆਂਰਾ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਸ ਵਿਚ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ, ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਮਾਣ ਅਤੇ ਵਧੇਰੇ ਜਨਤਕ ਭਾਗੀਦਾਰੀ ਨੂੰ ਉਤਸ਼ਾਹਿਤ ਕਰਨ ਸਬੰਧੀ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ। ਐਚ. ਰਾਜੇਸ਼ ਪ੍ਰਸਾਦ ਆਈਏਐਸ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਯੂ.ਟੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਦੀ ਤੌਰ ਤੇ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਏ। ਡਾ. ਸਈਅਦ ਆਬਿਦ ਰਸ਼ੀਦ ਸ਼ਾਹ ਆਈ. ਏ. ਐਸ. ਸਕੱਤਰ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ ਅਤੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰ ਨੇ ਪਤਵੰਤਿਆਂ ਦਾ ਸਵਾਗਤ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਵੀ ਆਰ ਵਨ (ਡਬਲਯੂ.ਏ.ਓ.) ਦੁਆਰਾ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਅਤੇ ਤਿਰੰਗਾ-ਉਦੇਸ਼ ਵਾਲੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨ ਕੀਤੇ। ਜੋ ਕਿ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਤੌਰ 'ਤੇ ਅਪਾਹਜ ਕਲਾਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਦਿੱਤੇ ਗਏ। ਡਬਲਯੂ.ਏ.ਓ ਨੇ 15 ਤੋਂ ਵੱਧ ਦੇਸ਼ਾਂ ਅਤੇ ਡਾਂਸ ਇੰਡੀਆ ਡਾਂਸ, ਸੱਤਿਆਮੇਵ ਜਯਤੇ ਅਤੇ ਇੰਡੀਆਜ਼ ਗਾਟ ਟੈਲੇਂਟ ਸਮੇਤ ਪਲੇਟਫਾਰਮਾਂ 'ਤੇ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨ ਕੀਤਾ। ਸੰਗਠਨ ਨੂੰ ਗਿਨੀਜ਼ ਵਰਲਡ ਰਿਕਾਰਡ ਸਮੇਤ ਕਈ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਅਤੇ ਅੰਤਰਰਾਸ਼ਟਰੀ ਸਨਮਾਨ ਵੀ ਮਿਲੇ ਹਨ। ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਵਿਚ ਕਾਲਜ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦੁਆਰਾ ਇੱਕ ਤਿਰੰਗਾ ਮਾਰਚ ਵੀ ਕਾਲਜ ਦੇ ਅੰਦਰ ਕੱਢਿਆ ਗਿਆ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਤਿਰੰਗਾ ਰੈਲੀਆਂ, ਵਾਕਾਥਾਨ, ਬਾਈਕ/ਕਾਰ ਰੈਲੀ, ਸੈਲਫੀ ਬੂਥ, ਰੰਗੋਲੀ ਅਤੇ ਰੱਖੜੀ ਬਣਾਉਣ ਦੀਆਂ ਵਰਕਸ਼ਾਪਾਂ, ਤਿਰੰਗਾ ਮੇਲਾ, ਕੁਇਜ਼, ਪੱਤਰ-ਲੇਖਣ, ਨੁੱਕੜ ਨਾਟਕ, ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਤੇ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨੀਆਂ ਲਗਾਇਆ ਗਈਆ। ਸਰਕਾਰੀ ਅਤੇ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ ਸਥਾਨਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਰੌਸ਼ਨੀ ਨਾਲ ਸਜਾਇਆ ਗਿਆ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਰਾਧਿਕਾ ਸਿੰਘ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ, ਨਵੀਨ ਰੱਤੂ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਸੱਭਿਆਚਾਰ, ਰਾਜੀਵ ਤਿਵਾੜੀ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਲੋਕ ਸੰਪਰਕ, ਡਾ. ਅਜੇ ਸ਼ਰਮਾ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਐਸ.ਡੀ ਕਾਲਜ, ਜਤਿੰਦਰ ਭਾਟੀਆ ਵਿੱਤ ਸਕੱਤਰ ਐਸ.ਡੀ ਕਾਲਜ ਸਮੇਤ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਦੇ ਹੋਰ ਅਧਿਕਾਰੀ ਮੌਜੂਦ ਸਨ।

अमर उजाला 11/8/2026

# हर घर तिरंगा से गूंजा चंडीगढ़

## सेक्टर-32 के जीजीडीएसडी कॉलेज में देशभक्ति कार्यक्रम, विशेष कलाकारों ने दी प्रस्तुति

माई सिटी रिपोर्टर

**चंडीगढ़।** स्वतंत्रता दिवस से पहले शहर में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का माहौल बनाने के लिए हर घर तिरंगा-वंदे मातरम् के 150 वर्ष अभियान के तहत सोमवार को सेक्टर-32 के जीजीडीएसडी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूटी प्रशासन के संस्कृति और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने शहरवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और इसे केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। मुख्य सचिव ने कहा कि चंडीगढ़ के लोग हर क्षेत्र में आगे रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि हर घर तिरंगा अभियान में भी शहर मिसाल कायम करेगा। उन्होंने नागरिकों, सरकारी विभागों और सामाजिक संगठनों से सक्रिय भागीदारी की अपील की।

कार्यक्रम की शुरुआत पर्यटन एवं संस्कृति सचिव डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह की ओर से अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद वी आर वन संस्था के कलाकारों ने तिरंगा और देशभक्ति की थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संस्था विशेष रूप से सक्षम कलाकारों और पेशेवर व्हीलचेयर शास्त्रीय नर्तकों को मंच उपलब्ध कराने के लिए जानी जाती है।



सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते दिव्यांग कलाकार। अमर उजाला

### तिरंगा यात्रा में 165 लोगों ने लिया भाग

*चंडीगढ़। सीएससीए के चैप्टर राइजिंग सन की मासिक बैठक रविवार को सेक्टर-50 स्थित कम्युनिटी सेंटर में हुई। चैप्टर हेड हरजिंदर सिंह ने बताया कि बैठक में स्वतंत्रता दिवस को लेकर सदस्यों में खासा उत्साह रहा। एससी गिल्होत्रा ने सभी का स्वागत किया। आरती महाजन के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें 165 सदस्यों ने भाग लिया। संवाद*



कार्यक्रम में देशभक्ति के गीतों पर प्रस्तुति देते दिव्यांग कलाकार। अमर उजाला

चण्डीगढ़ भास्कर 11/8/2026

# व्हीलचेयर पर तिरंगा थामकर देशभक्ति और समानता का संदेश



हौसले की उड़ानः 'हर घर तिरंगा-वंदे मातरम के 150 वर्ष' अभियान के तहत सोमवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 'वी आर वन' ग्रुप के दिव्यांग कलाकारों ने व्हीलचेयर पर हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति और समानता की अनूठी मिसाल पेश की। गिनीज रिकॉर्ड धारक इस ग्रुप ने व्हीलचेयर को अपनी ताकत बनाकर समाज की रूढ़िवादी सोच को करारा जवाब दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चीफ सेक्रेटरी एच. राजेश प्रसाद ने कलाकारों के जज्बे की सराहना की और 17 अगस्त तक चलने वाली तिरंगा रैलियों में हिस्सा लेने की अपील की। शरीर ने कहा रुक जाओ, हौसले ने कहा- नाचना बाकी है - पढ़ें पेज-4 पर

चंडीगढ़ केसरी 11/8/2026

# देशभक्ति के रंग में रंगा जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज

## हर घर तिरंगा अभियान में दिव्यांग कलाकारों की शानदार प्रस्तुति

चंडीगढ़, 10 अगस्त (आशीष) : प्रशासन द्वारा सैक्टर-32 स्थित जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज में 'हर घर तिरंगा वंदे मातरम् के 150 वर्ष' अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासन के संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और व्यापक जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद मुख्य अतिथि थे। पर्यटन एवं संस्कृति सचिव डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह ने गण्यमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इसके बाद वी.आर. वन द्वारा देशभक्ति एवं तिरंगा थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें व्हीलचेयर पर थिरकते कदम, हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के गीत से कॉलेज का माहौल कुछ ऐसा था कि हर कोई राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा नजर आया। विशेष रूप से सक्षम कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से न सिर्फ दर्शकों की तालियां बटोरीं, बल्कि यह संदेश भी दिया कि देश के प्रति जज्बे और जुनून के आगे शारीरिक चुनौतियां कोई मायने नहीं रखतीं। इस अवसर पर मुख्य सचिव के नेतृत्व में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा मार्च भी निकाला गया, जिसका नेतृत्व मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने किया।



## 'हर घर तिरंगा' अभियान में भी चंडीगढ़ देश के सामने उदाहरण पेश करेगा

मुख्य सचिव ने कहा कि सिटी ब्यूटीफुल के निवासी हर क्षेत्र में आगे रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि हर घर तिरंगा अभियान में भी चंडीगढ़ देश के सामने उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने नागरिकों, सरकारी विभागों और सामाजिक संगठनों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' को केवल कुछ दिनों तक चलने वाला सरकारी कार्यक्रम न बनाकर इसे जनभागीदारी का आंदोलन बनाया जाना चाहिए।





कार्यक्रम में कलाकार प्रस्तुति देते हुए। (परमजीत)

चण्डीगढ़ सवेरा 11/8/2026

# चंडीगढ़ प्रशासन ने 'हर घर तिरंगा वंदे मातरम के 150 वर्ष अभियान के तहत मनाया उत्सव






9 देश के प्रति प्रेम भाव का व्यक्त करते छात्र तथा (नीचे) आसमान में गुब्बारे छोड़कर समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्यतिथि।

## मुख्य सचिव ने 'हर घर तिरंगा' अभियान में जनभागीदारी का आह्वान किया

सवेरा न्यूज/नीना

चंडीगढ़, 10 अगस्त : चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 में 'हर घर तिरंगा वंदे मातरम के 150 वर्ष' अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्र म आयोजित किया गया। कार्यक्र म का आयोजन यू.टी. चंडीगढ़ प्रशासन के संस्कृति विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और व्यापक जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर एच. राजेश प्रसाद, मुख्य सचिव, यू.टी. चंडीगढ़ प्रशासन मुख्य अतिथि थे। पर्यटन एवं संस्कृति सचिव डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इसके बाद देशभक्ति एवं तिरंगा थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विशेष रूप से सक्षम कलाकारों एवं पेशेवर व्हीलचेयर शास्त्रीय नर्तकों का संगठन है। अमेरिका, कनाडा, यूके, रूस, सिंगापुर, दुबई, कुवैत, इटली और यूएई सहित 15 से अधिक देशों में प्रस्तुतियां दी हैं तथा जैसे मंचों पर भी अपनी प्रस्तुतियां दी हैं। संगठन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य सचिव के नेतृत्व में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा मार्च भी निकाला गया। मुख्य सचिव ने कहा कि सिटी ब्यूटीफुल के निवासी हमेशा हर क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हर घर तिरंगा अभियान में भी चंडीगढ़ उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने नागरिकों, विभागों और संगठनों से सक्रि य भागीदारी का आह्वान करते हुए अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियान की भावना केवल एक सप्ताह तक सीमति न रहे बल्कि तिरंगा पूरे वर्ष राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बना रहे।



चण्डीगढ़ टाइम्स 11/8/2026

# HAR GHAR TIRANGA CAMPAIGN BEGINS

Balish Ahuja









The UT administration Monday launched the 'Har Ghar Tiranga – 150 Years of Vande Mataram' campaign with a cultural programme and Tiranga march led by chief secretary H Rajesh Prasad. The week-long initiative will feature rallies, a walkathon, Tiranga Mela, cultural events, workshops and exhibitions to promote patriotism and public participation. Govt buildings and tourist sites will also be illuminated, while special events are planned on Aug 14 to mark Partition Horrors Remembrance Day

चंडीगढ़ ट्रिब्यून 11/8/2026




We Are One, an international dance group, performs on patriotic songs at a cultural programme held at the auditorium of SD College in Sector 32, Chandigarh, on Monday. TRIBUNE PHOTO: VICKY

# Cultural programme organised under 'Har Ghar Tiranga' campaign

**TRIBUNE NEWS SERVICE**

**CHANDIGARH, AUGUST 10**

The UT Administration today organised a cultural programme at the GGDSD College, Sector 32, as part of the "Har Ghar Tiranga — 150 Years of Vande Mataram" campaign. The programme was organised by the Departments of Culture and Tourism to promote patriotism, national pride and greater public participation. Chief Secretary H Rajesh Prasad was the chief guest on the occasion.

Syed Abid Rasheed Shah, Secretary, Tourism and Culture, welcomed the dignitaries. This was followed by cultural performances by We Are One, a foundation comprising specially abled artistes and professional wheelchair classical dancers. A 'Tiranga march' by college students, led by the Chief Secretary, was also held within the college premises.

The Chief Secretary urged everyone to make the campaign a mass movement. He outlined the 'jan bhagidhari' activities planned from August 9 to 17. Government and tourist locations will also be illuminated and decorated. Special emphasis has been laid on the participation of schools, colleges and youth through various theme-based activities.

The Chief Secretary also highlighted the observance of the 'Partition horrors remembrance day' on August 14, a silent march and display of archival material.

**Chief Secy inaugurates yogasana sports c'ship**

Chief Secretary H Rajesh Prasad today inaugurated the 42nd Chandigarh State Yogasana Sports Championship organised by the Chandigarh Yoga Association at Brahmrishi Yoga Training College, Sector 19, Chandigarh.

On the occasion, the Chief Secretary felicitated Asian, National and Khelo India medal-winning yogasana players for their achievements.

Addressing the players, Prasad encouraged them to practise yoga regularly for their physical and mental well-being. He highlighted the important role of yoga in promoting a healthy body and mind and encouraged the players to pursue yoga for their overall and inner growth.

Players from different age groups participated in the championship. The categories included 8-10, 10-12, 12-14, 14-16, 16-18, 21-25, 25-30, 30-35, 35-45 and above 45 years, with boys and girls participating in the respective categories.

The top three players from each age group will be selected to represent the Chandigarh Yogasana Team at the 51st Sub-Junior and Junior National Yogasana Sports Championship, scheduled to be held from October 3 to 6 in Jaipur, Rajasthan. The selected players will also represent Chandigarh at the Senior National Yogasana Championship, scheduled to be held in December 2026 in Patna.

दैनिक जागरण 11/8/2026


# सिटी स्पंदन

चंडीगढ़, 11 अगस्त, 2026
www.jagran.com




सेक्टर-32 के एसडी कालेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

इसमें वी आर वन ग्रुप की ओर से प्रस्तुति दी गई

17 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में कई जगह होंगे कार्यक्रम



**हर घर तिरंगा...लेकिन इन बातों का भी रखना है ध्यान**

- तिरंगे को हमेशा सम्मान और गरिमा के साथ फहराया जाए।
- तिरंगे को जमीन पर न गिरने दें और न ही इसे किसी ऐसी जगह रखें जहां यह गंदा हो सकता है।
- तिरंगा फटा या क्षतिग्रस्त नहीं होना चाहिए।
- तिरंगे पर कुछ लिखना, चित्र बनाना या कोई संदेश नहीं लिखना है।
- तिरंगे को फहराने के लिए फ्लैग कोड आफ इंडिया के नियमों का पालन किया जाए।

# लहराएगा तिरंगा जमीं से आसमान तक

स्वाक्ष रिपोर्टर, चंडीगढ़ : देशभक्ति की भावना किसी आवाज की मोहताज नहीं होती और न ही इसके लिए कदमों का चलना जरूरी होता है। जब दिल में देश के लिए सम्मान और तिरंगे के लिए गर्व हो तो जज्बात अपने आप रास्ता बना लेते हैं। इस बात को साबित किया हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुए कार्यक्रम ने। इसका आयोजन सोमवार को सेक्टर-32 के एसडी कालेज में हुआ। इस दौरान एक ओर जहां व्हीलचेयर पर कलाकारों ने देशभक्ति गीतों में प्रस्तुति दी वहीं दूसरी ओर इसका साथ उन कलाकारों ने दिया जो न सुन सकते थे और न ही बोल सकते थे। लेकिन अपनी प्रस्तुति के माध्यम से इन्होंने देशभक्ति का संदेश दिया और यह एहसास करवाया कि उनके लिए सबसे पहले देश का सम्मान है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशभक्ति की भावना को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। 17 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्र के प्रति सम्मान व गौरव की भावना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में चंडीगढ़ प्रशासन के कल्चरल डिपार्टमेंट और टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से यह कार्यक्रम हुआ।



सेक्टर-32 स्थित एसडी कालेज में कार्यक्रम के दौरान वी आर वन ग्रुप के कलाकार प्रस्तुति देते हुए • जागरण

## 365 दिन हर घर हो तिरंगा

इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रशासन के चीफ सेक्रेटरी एच राजेश प्रसाद ने शिरकत की। इनके अलावा प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जानकारी देते हुए चीफ सेक्रेटरी एच राजेश प्रसाद ने बताया कि 17 अगस्त तक यह अभियान चलेगा। इसके तहत अलग-अलग जगह पर कार्यक्रम होंगे। इसमें स्कूल, कालेज से लेकर पब्लिक प्लेस और टूरिस्ट प्लेस शामिल हैं। हर घर तिरंगा का उद्देश्य यह भी है कि लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत जाए। साथ ही इसका मकसद यह भी है कि तिरंगा सिर्फ कुछ स्थानों तक सीमित न रहकर हर घर में हो। यह हमारा मान है, हमारी पहचान है। अभियान के तहत उन लोगों को भी याद किया जाएगा जिन्होंने विभाजन की दर्द को झेला, महसूस किया। इन सब के अलावा मैं सभी से यह कहना चाहता हूं कि हर घर तिरंगा अभियान सिर्फ हफ्ते तक सीमित नहीं रखा जाए बल्कि 365 दिन तक हो और चंडीगढ़ ऐसा पहला शहर बने जो इसकी मिसाल कायम करे।



चंडीगढ़ प्रशासन के चीफ सेक्रेटरी एच राजेश प्रसाद हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुए कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए • जागरण



ਜਗਬਾਣੀ 11/8/2026

# 'ਹਰ ਘਰ ਤਿਰੰਗਾ' ਮੁਹਿੰਮ ਤਹਿਤ ਬੰਨ੍ਹਿਆ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਦਾ ਰੰਗ

ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 10 ਅਗਸਤ (ਸ਼ੀਨਾ): ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਵੱਲੋਂ ਸੋਮਵਾਰ ਨੂੰ ਸੈਕਟਰ-32 ਸਥਿਤ ਜੀ.ਜੀ.ਡੀ.ਐੱਸ.ਡੀ ਕਾਲਜ 'ਚ 'ਹਰ ਘਰ ਤਿਰੰਗਾ-ਵੰਦੇ ਮਾਤਰਮ ਦੇ 150 ਸਾਲ' ਮੁਹਿੰਮ ਤਹਿਤ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਤੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਕਰਵਾਇਆ ਗਿਆ। ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਦੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰ ਤੇ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ ਵਿਭਾਗ ਨੇ ਕਰਵਾਇਆ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਦੇ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਐੱਚ. ਰਾਜੇਸ਼ ਪ੍ਰਸਾਦ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਵਜੋਂ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਏ। ਸਮਾਗਮ 'ਚ ਵੀ. ਆਰ. ਵਨ. (ਡਬਲਿਊ.ਏ.ਓ.) ਸੰਸਥਾ ਦੇ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਯੋਗਤਾ ਵਾਲੇ ਕਲਾਕਾਰਾਂ ਤੇ ਪੇਸ਼ੇਵਰ ਵ੍ਹੀਲਚੇਅਰ ਸ਼ਾਸਤਰੀ ਨ੍ਰਿਤਕਾਂ ਵੱਲੋਂ ਤਿਰੰਗੇ ਤੇ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਦੀ ਥੀਮ 'ਤੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪੇਸ਼ਕਾਰੀਆਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਗਈਆਂ। ਸੰਸਥਾ ਵੱਲੋਂ ਭਾਰਤ ਸਮੇਤ 15 ਤੋਂ ਵੱਧ ਦੇਸ਼ਾਂ 'ਚ ਆਪਣੀਆਂ ਪੇਸ਼ਕਾਰੀਆਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾ ਚੁੱਕੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਨੂੰ ਗਿਨੀਜ਼ ਵਰਲਡ ਰਿਕਾਰਡ ਸਮੇਤ ਕਈ ਕੌਮੀ ਤੇ ਕੌਮਾਂਤਰੀ ਸਨਮਾਨ ਵੀ ਮਿਲ ਚੁੱਕੇ ਹਨ। ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਦੌਰਾਨ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਕਾਲਜ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਵੱਲੋਂ ਤਿਰੰਗਾ ਮਾਰਚ ਵੀ ਕੱਢਿਆ ਗਿਆ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਿਟੀ ਬਿਊਟੀਫੁੱਲ ਦੇ ਵਸਨੀਕ ਹਰ ਖੇਤਰ 'ਚ ਮੋਹਰੀ ਰਹੇ ਹਨ ਤੇ 'ਹਰ ਘਰ ਤਿਰੰਗਾ' ਮੁਹਿੰਮ 'ਚ ਵੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਮਿਸਾਲ ਕਾਇਮ ਕਰੇਗਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸ਼ਹਿਰ ਵਾਸੀਆਂ, ਸਰਕਾਰੀ ਵਿਭਾਗਾਂ ਤੇ ਸਮਾਜਿਕ ਸੰਸਥਾਵਾਂ ਨੂੰ ਮੁਹਿੰਮ 'ਚ ਵੱਧ-ਚੜ੍ਹ ਕੇ ਹਿੱਸਾ ਲੈਣ ਦੀ ਅਪੀਲ ਕੀਤੀ।



ਵ੍ਹੀਲਚੇਅਰ 'ਤੇ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਤੀ ਪੇਸ਼ਕਾਰੀ ਦਿੰਦੇ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਯੋਗਤਾ ਵਾਲੇ ਕਲਾਕਾਰ। (ਭੂਸ਼ਣ)

ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ 17 ਅਗਸਤ ਤੱਕ ਸ਼ਹਿਰ 'ਚ ਤਿਰੰਗਾ ਰੈਲੀਆਂ, ਵਾਕਾਥਾਨ, ਬਾਈਕ ਤੇ ਕਾਰ ਰੈਲੀ, ਸੈਲਫੀ ਬੂਥ, ਰੰਗੋਲੀ ਤੇ ਤਿਰੰਗਾ ਰੱਖੜੀ ਬਣਾਉਣ ਦੀਆਂ ਵਰਕਸ਼ਾਪਾਂ, ਤਿਰੰਗਾ ਮੇਲਾ, ਕੁਇੱਜ਼, ਪੱਤਰ ਲੇਖਣ, ਨੁੱਕੜ ਨਾਟਕ, ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਤੇ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨੀਆਂ ਕਰਵਾਈਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਸਰਕਾਰੀ ਤੇ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ ਸਥਾਨਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਰੌਸ਼ਨੀ ਤੇ ਸਜਾਵਟ ਨਾਲ ਸਜਾਇਆ ਜਾਵੇਗਾ।

ਸਕੂਲਾਂ, ਕਾਲਜਾਂ ਤੇ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਦੀ ਭਾਗੀਦਾਰੀ 'ਤੇ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਜ਼ੋਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। 14 ਅਗਸਤ ਨੂੰ ਵੰਡ ਦੁਖਾਂਤ ਯਾਦਗਾਰੀ ਦਿਵਸ ਵੀ ਮਨਾਇਆ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਮੌਕੇ ਵੰਡ ਨਾਲ ਸਬੰਧਤ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨੀਆਂ, ਸਕੂਲੀ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ ਦੌਰੇ, ਲਘੂ ਫ਼ਿਲਮਾਂ ਦੀ ਸਕ੍ਰੀਨਿੰਗ, ਨਾਟਕ, ਵੰਡ ਤੋਂ ਪ੍ਰਭਾਵਿਤ ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਵੱਲੋਂ ਆਪਣੇ ਤਜਰਬੇ ਸਾਂਝੇ ਕਰਨ, ਮੌਨ ਮਾਰਚ ਤੇ ਪੁਰਾਣੇ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ਾਂ ਤੇ ਰਿਕਾਰਡ ਦੀ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨੀ ਕਰਵਾਈ ਜਾਵੇਗੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਤੀਵਿਧੀਆਂ ਰਾਹੀਂ ਨੌਜਵਾਨ ਪੀੜ੍ਹੀ ਨੂੰ ਵੰਡ ਦੇ ਮਨੁੱਖੀ ਦੁਖਾਂਤ ਤੋਂ ਜਾਣੂ ਕਰਵਾਉਣ ਤੇ ਪ੍ਰਭਾਵਿਤ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਯਾਦਾਂ ਨੂੰ ਸੰਭਾਲਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ।

स्पोक्समैन 11/8/2026

# ਵੰਦੇ ਮਾਤਰਮ ਮੁਹਿੰਮ ਤਹਿਤ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ





ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 10 ਅਗੱਸਤ (ਨਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਬੜਿੰਗ): ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਪ੍ਰਸ਼ਾਸਨ ਨੇ ਅੱਜ 'ਹਰ ਘਰ ਤਿਰੰਗਾ' ਵੰਦੇ ਮਾਤਰਮ ਦੇ 150 ਸਾਲ ਮੁਹਿੰਮ ਦੇ ਹਿੱਸੇ ਵਜੋਂ ਜੀਜੀਡੀਐਸਡੀ ਕਾਲਜ, ਸੈਕਟਰ 32, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਖੇ ਇਕ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਵਿਚ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਐਚ. ਰਾਜੇਸ਼ ਪ੍ਰਸਾਦ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਸਨ। ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ ਅਤੇ ਸੱਭਿਆਚਾਰ ਸਕੱਤਰ ਡਾ. ਸਈਦ ਆਬਿਦ ਰਸ਼ੀਦ ਸ਼ਾਹ ਨੇ ਪਤਵੰਤਿਆਂ ਦਾ ਸਵਾਗਤ ਕੀਤਾ। ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਵੀ ਆਰ ਵਨ ਦੁਆਰਾ ਦੇਸ਼ ਭਗਤੀ ਅਤੇ ਤਿਰੰਗੇ ਥੀਮ 'ਤੇ ਆਧਾਰਿਤ ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨ ਕੀਤੇ ਗਏ। । ਇਸ ਮੌਕੇ 'ਤੇ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਵਿਚ ਕਾਲਜ ਦੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦੁਆਰਾ ਇਕ ਤਿਰੰਗਾ ਮਾਰਚ ਵੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਸੰਬੋਧਨ ਵਿਚ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਸਿਟੀ ਬਿਊਟੀਫੁੱਲ ਦੇ ਵਸਨੀਕ ਹਮੇਸ਼ਾ ਹਰ ਖੇਤਰ ਵਿਚ ਮੋਹਰੀ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਰ ਵੀ 'ਹਰ ਘਰ ਤਿਰੰਗਾ' ਮੁਹਿੰਮ ਵਿਚ ਇਕ ਮਿਸਾਲ ਕਾਇਮ ਕਰੇਗਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਨਾਗਰਿਕਾਂ, ਵਿਭਾਗਾਂ ਅਤੇ ਸੰਗਠਨਾਂ ਤੋਂ ਸਰਗਰਮ ਭਾਗੀਦਾਰੀ ਦਾ ਸੱਦਾ ਦਿਤਾ। ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਨੇ 9 ਅਗੱਸਤ ਤੋਂ 17 ਅਗੱਸਤ ਤਕ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਜਨਤਕ ਭਾਗੀਦਾਰੀ ਗਤੀਵਿਧੀਆਂ ਬਾਰੇ ਜਾਣਕਾਰੀ ਦਿੰਦੇ ਹੋਏ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਤਿਰੰਗੀ ਰੈਲੀਆਂ, ਵਾਕਾਥਨ, ਬਾਈਕ/ਕਾਰ ਰੈਲੀਆਂ, ਸੈਲਫੀ ਬੂਥ, ਰੰਗੋਲੀ ਅਤੇ ਤਿਰੰਗੇ ਰੱਖੜੀ ਬਣਾਉਣ ਦੀਆਂ ਵਰਕਸ਼ਾਪਾਂ, ਤਿਰੰਗੇ ਮੇਲੇ, ਕੁਇਜ਼, ਪੱਤਰ ਲਿਖਣਾ, ਨੁੱਕੜ ਨਾਟਕ, ਸੱਭਿਆਚਾਰਕ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਤੇ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨੀਆਂ ਸ਼ਾਮਲ ਹਨ। ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਨੇ 14 ਅਗੱਸਤ ਨੂੰ ਵੰਡ ਦੇ ਭਿਆਨਕ ਯਾਦਗਾਰੀ ਦਿਵਸ ਮਨਾਉਣ ਬਾਰੇ ਵੀ ਜਾਣਕਾਰੀ ਦਿਤੀ। ਵੰਡ 'ਤੇ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨੀਆਂ, ਸਕੂਲੀ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਲਈ ਸੈਰ-ਸਪਾਟਾ, ਛੋਟੀਆਂ ਫ਼ਿਲਮਾਂ ਦੀ ਸਕ੍ਰੀਨਿੰਗ, ਨਾਟਕ, ਵੰਡ ਤੋਂ ਪ੍ਰਭਾਵਤ ਪਰਵਾਰਾਂ ਦੁਆਰਾ ਅਨੁਭਵ ਸਾਂਝੇ ਕਰਨ, ਮੌਨ ਮਾਰਚ ਅਤੇ ਪੁਰਾਲੇਖ ਸਮੱਗਰੀ ਦੀ ਪ੍ਰਦਰਸ਼ਨੀ ਲਗਾਈ ਜਾਵੇਗੀ। ਇਹ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਨੌਜਵਾਨ ਪੀੜ੍ਹੀ ਨੂੰ ਵੰਡ ਦੀ ਮਨੁੱਖੀ ਦੁਖਾਂਤ ਤੋਂ ਜਾਣੂ ਕਰਵਾਉਣ ਅਤੇ ਪ੍ਰਭਾਵਤ ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਯਾਦਾਂ ਨੂੰ ਸੁਰੱਖਿਅਤ ਰੱਖਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨਗੇ।